न्यायालय श्री सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी, ओसियां

पीठासीन अधिकारीः– रतनलाल रेगर

राजस्व प्रार्थना पत्र संख्याः–74/2022

प्रार्थीगणः–

1. उठाव कंवर पुत्री श्री कुम्भसिंह पत्नी श्री नाथुसिंह, जाति राजपूत, निवासी रावलनगर भेड़, तहसील ओसियां, हाल निवासी डांवरा, तहसील ओसियां, जिला जोधपुर।
2. ओम कंवर पुत्री श्री कुम्भसिंह पत्नी श्री खेतसिंह जाति राजपूत, निवासी रावलनगर भेड़, तहसील ओसियां, हाल निवासी करणसिंहनगर, गिलाकोर, तहसील सेखाला, जिला जोधपुर।
3. मोहनकंवर पत्नी श्री कुम्भसिंह, जाति राजपूत, निवासी रावलनगर भेड़, तहसील ओसियां, जिला जोधपुर।

बनाम

अप्रार्थीः–

राजस्थान सरकार जरिये श्रीमान् तहसीलदार तहसील ओसियां, जिला जोधपुर।

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम

उपस्थित –

प्रार्थीगण की ओर से – अधिवक्ता श्री पेपसिंह भाटी।

अप्रार्थी की ओर से – सरकारी पैरोकार।

–::निर्णय::–

दिनांकः– 12/3/22

प्रार्थीगण द्वारा एक राजस्व प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम का इस आशय का प्रस्तुत किया किः–प्रार्थीगण व अन्य खातेदारान की संयुक्त खातेदारी व कब्जा काश्त सुदा भूमि खसरा

सहायक कलेक्टर, ओसियां

Scanned with CamScanner

नम्बर 90, 88, 64, 78, 119, 112 व 123 ग्राम रावलनगर पटवार हल्का भेड़, खसरा नम्बर 185 ग्राम निम्बला बेरा पटवार हल्का भेड़, खसरा नम्बर 484 ग्राम रामदेवनगर पटवार हल्का भेड़, खसरा नम्बर 720 ग्राम भेड़ पटवार हल्का भेड़, तहसील ओसियां, जिला जोधपुर की सरहद में आई हुई है। उपर्युक्त भूमि प्रार्थीगण व अन्य खातेदारान की सहखातेदारी की है। जिसमें प्रार्थीगण का अपने हक हिस्से की भूमि पर शांतिपूर्वक कब्जा काश्त है। उक्त भूमि के राजस्व रेकर्ड में प्रार्थीगण के नाम दर्ज करते भूलवश गलत दर्ज हो रखे है। प्रार्थीगण के अन्य सभी दस्तावेज आधार कार्ड, मतदाता परिचय पत्र, राशन कार्ड, भामाशाह कार्ड वगैरा में प्रार्थी संख्या 1 का नाम उठावकंवर व प्रार्थी संख्या 3 का नाम मोहनकंवर दर्ज। कि प्रार्थीगण के अन्य दस्तावेजों व राजस्व रेकर्ड में नाम में अन्तर होने के कारण प्रार्थीगण को अपनी भूमि का विकास करवाने, भूमि सम्बन्धित सुविधा प्राप्त करने तथा भूमि का विभाजन, हस्तान्तरण वगैरा करने में भयंकर समस्या का सामना करना पड़ रहा है। अतः प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर श्रीमान् से निवेदन हैं कि प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर उपरोक्त वर्णित के राजस्व रेकर्ड में प्रार्थीगण के नाम सही दर्ज कर राजस्व रेकर्ड दुरस्त किये जाने का आदेश सादिर फरमावें तदनुसार राजस्व रेकर्ड में अमल दरामद करवाया जावे।

प्रार्थी उक्त प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया जाकर जरिये नोटिस अप्रार्थी को तलब किया गया। अप्रार्थी की ओर से सरकारी पैरोकार उपस्थित हुए। अप्रार्थी की ओर से जवाब प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया जो शामिल पत्रावली किया गया।

प्रार्थी अधिवक्ता की बहस सुनी गई बहस पर मनन किया, पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेजात का ध्यान पूर्वक अवलोकन किया जिससे यह स्पष्ट है कि प्रार्थीगण के नाम राजस्व रेकर्ड में गलत दर्ज है जो शुद्ध किये जाने उचित है। इसलिए प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र स्वीकार योग्य है।

सहायक कलेक्टर, पीपाड़

Scanned with CamScanner

–::आदेश::–

अतः प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर निम्न रूप से शुद्धि की जाकर राजस्व रेकर्ड में अमल दरामद करने का आदेश दिया जाता है–

क्र. सं.	ग्राम	खाता संख्या	संवत् व खसरा नम्बर	वर्तमान प्रविष्टि (अशुद्ध प्रविष्टि)	शुद्ध जो राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज की जानी है।
1	रावलनगर प. ह. भेड़	5 29 30	2075–2078 ख.न. 90, 88, 64, 78	नाबालिग ओमकंवर पुत्र कुंभसिंह 1/24 नाबालिग रसालकंवर पुत्र कुंभसिंह 1/24 संरक्षक सरपरस्त माता मनोहरकंवर	ओमकंवर पुत्री कुंभसिंह 1/36 उठावकंवर पुत्री कुंभसिंह 1/36, मोहनकंवर पत्नी कुंभसिंह 1/36
		31	2075–2078 ख.न. 119, 122, 123	रसालकंवर पुत्र कुंभसिंह ओमकंवर पुत्र कुंभसिंह	उठावकंवर पुत्री कुंभसिंह, ओमकंवर पुत्री कुंभसिंह
2	निम्बला बेरा प.ह. भेड़	60	2075–2078 ख.नं.185	रसालकंवर पुत्र कुंभसिंह ओमकंवर पुत्र कुंभसिंह	उठावकंवर पुत्री कुंभसिंह, ओमकंवर पुत्री कुंभसिंह
3	रामदेवनगर प.ह. भेड़	74	2075–2078 ख.नं.484	रसालकंवर पुत्री कुंभसिंह	उठावकंवर पुत्री कुंभसिंह
4	भेड़ प.ह. भेड़	164	2075–2078 ख.नं.720	नाबालिग ओमकंवर पुत्र कुंभसिंह 1/48 नाबालिग रसालकंवर पुत्र कुंभसिंह 1/48 संरक्षक सरपरस्त माता मनोहरकंवर	ओमकंवर पुत्री कुंभसिंह 1/72 उठावकंवर पुत्री कुंभसिंह 1/72, मोहनकंवर पत्नी कुंभसिंह 1/72

पालना हेतु तहसीलदार ओसियां को तहरीर जारी हो। पत्रावली फैसल शुमार होकर दाखिल दफ्तर हो।

सहायक कलक्टर एवं
सहायक कलक्टर, ओसियां
उपखण्ड अधिकारी, ओसियां

आज दिनांक 12/01/22 को खुला न्यायालय में आदेश सुनाया गया।

सहायक कलक्टर एवं
सहायक कलक्टर, ओसियां
उपखण्ड अधिकारी, ओसियां

न्यायालय सहायक कलक्टर ओसियां जिला जोधपुर

Scanned with CamScanner